ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक तैयारी करें-आयुक्त

भिलाईनगर। आगामी ग्रीष्म ऋतु में भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियो को पेयजल की किल्लत न हो इसे लेकर हमे पर्याप्त तैयारी रखना होगा। जिसके लिए समय पर उच्चस्तरीय जलागार की सफाई, पाईप लाईन लिकेजो का संधारण, हैण्ड पम्प, पावर पम्प चालू हालत में हो। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के बस्तियो में लोगो को पर्याप्त मात्रा में पेयजल व निस्तारी पानी मिले इसके लिए हमे आवश्यक तैयारी करना होगा। सभी जोन के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये जहाॅ गत वर्ष पानी की समस्या से जुझना पड़ा हो , उन क्षेत्रो के हैण्ड पम्प , पावर पम्प की जाॅच कर आवश्यक संधारण किया जावे। पानी टंकी एवं सम्पवेल की सफाई समय पर हो तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जाॅच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में संधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी का प्रेशर बना रहे। जिन क्षेत्रो में टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति किया जाना है ऐसे मोहल्लो की पहचान कर निविदा संबंधी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लेवें। जिस किसी भी क्षेत्र का पेयजल जाॅच के दौरान दुषित पाया जाता है तो वहाॅ तत्काल आवश्यक उपचार कर पानी को पीने योग्य बनाये। उन्होंने जोन स्वास्थ्य विभाग को मितानिन के साथ मिलकर मोहल्लो मे सर्वे करके यह सुनिश्चित कर ले की वहाॅ डायरिया , डेंगू जैसे बिमारी का प्रभाव तो नही हो रहा है एवं इसके मरीज पाये जाने पर तत्काल उपचार किया जाये। आयुक्त श्री ध्रुव ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत निगम क्षेत्र में वाहनो के दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क पर रखे निर्माण सामग्री, कंडम वाहन के मालिको को नोटिस देकर तत्काल हटाने को सुचित करें। समय अवधि में अगर नहीं हटाया जाता है तो उनके विरूद्व जुर्माना अधिरोपित करते हुए जप्ती की कार्यवाही करें। सड़क पर लगे अवैध होल्डिंग को भी हटाया जाये।

आयुक्त ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में भरे गये आवेदनो की प्रगति , स्कूल जतन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना मे भवन निर्माण की प्रगति , अप्रारंभ कार्य , खराब सड़को का संधारण एवं नाली सफाई का क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

पेयजल की समस्या के निदान के लिए स्थापित किये-हेल्प डेस्क

आयुक्त ने गर्मी के दिनो में पेयजल संबंधी किसी भी शिकायत को दर्ज करने निगम मुख्य कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना किये है। जिसका दुरभाष क्रमांक- 07882294303 है।